# कार्यालय सहायिका






**भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**

(एक मिनीरत्न कंपनी)

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

कोयला भवन, कोयला नगर, धनबाद- 826005



"हमें प्रयत्नपूर्वक हिंदुस्तान
की सभी बोलियों
और भाषाओं में जो
उत्तम चीजें हैं, उन्हें हिंदी
भाषा की समृद्धि के लिए
उसका हिस्सा बनाना चाहिए
और यह प्रक्रिया अविरल
चलती रहनी चाहिए।"

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# प्रस्तावना

भारत एक बहुभाषी देश है। हमारे देश में हजारों भाषाएं व्यवहृत होती हैं। प्रत्येक भाषा का अपना महत्त्व और अपनी संस्कृति है। इन्हीं भाषाओं के माध्यम से संबंधित समाज अपनी अभिव्यक्ति करता है और अपनी आने वाली पीढ़ियों को संचित ज्ञान का स्थानांतरण करता है। भारत के विशाल क्षेत्र में बहुत लंबे समय से हिंदी भाषा ही अभिव्यक्ति का प्रमुख माध्यम बनी हुई है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय हिंदी देश की सर्वाधिक लोकप्रिय भाषा बनी। इस वजह से संविधान सभा द्वारा हिंदी को भारत की राजभाषा घोषित किया गया। सरलता, सहजता और वैज्ञानिकता हिंदी के प्रमुख गुण हैं।

भारत सरकार की राजभाषा नीति प्रेरणा, प्रोत्साहन और सद्भावना पर आधारित है। इस नीति के निर्वहन के क्रम में भारत सरकार द्वारा राजभाषा अधिनियम, राजभाषा नियम आदि बनाए गए। भारत सरकार के सभी कार्यालयों द्वारा इनका अनुपालन किया जाना आवश्यक है।

हिंदी में कार्यालयीन कार्य को सरल बनाने के उद्देश्य से इस राजभाषा सहायिका का प्रकाशन किया गया है। इसमें राजभाषा संबंधी नियमों के साथ-साथ दैनिक कार्य में प्रयुक्त होने वाली टिप्पणियों, शब्दों आदि का भी समावेश किया गया है। आशा है कि यह पुस्तिका हिंदी में कार्यालयीन कार्य को सरल, सरस और सुग्राह्य बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | भारत सरकार की राजभाषा नीति | 3 |
| 2. | राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) | 5 |
| 3. | राजभाषा नियम 1976 | 6 |
| 4. | जांच बिंदु | 13 |
| 5. | क्या न करें (X) | 15 |
| 6. | अंग्रेजी-हिंदी टिप्पणी | 16 |
| 7. | खनन शब्दावली | 45 |
| 8. | बैंकिंग, वित्त एवं बीमा शब्दावली | 47 |
| 9. | विदेशी अभिव्यक्तियों का हिंदी रूपांतरण | 51 |
| 10. | मानक अंक | 54 |
| 11 | संविधान की अष्टम सूची में दर्ज भाषाएं | 56 |

## भारत की राजभाषा नीति : संक्षिप्त स्वरुप

## भारत का संविधान (भाग-17)

**अनुच्छेद 343 - संघ की राजभाषा-**

संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी, संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप होगा।

**अनुच्छेद 344 -** राजभाषा आयोग और संसदीय समिति के गठन का प्रावधान।

**अनुच्छेद 345 -** राज्य की राजभाषा या राजभाषाओं का निर्धारण।

**अनुच्छेद 346 -** एक राज्य और दूसरे राज्य के बीच या किसी राज्य और संघ के बीच पत्रादि की राजभाषा।

**अनुच्छेद 347 -** किसी राज्य की जनसंख्या के किसी भाग द्वारा बोली जाने वाली भाषा के संबंध में विशेष उपबंध।

**अनुच्छेद 348 -** उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की भाषा तथा विधेयकों, अधिनियमों आदि के लिए प्रयोग की जाने वाली भाषा।

**अनुच्छेद 349** - भाषा से संबंधित कुछ विधियों को अधिनियमित करने के लिए विशेष प्रक्रिया।

**अनुच्छेद 350** - व्यथा के निवारण के लिए अभ्यावेदन में प्रयोग की जाने वाली भाषा।

**अनुच्छेद 350 (क)** - प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधाएं।

**अनुच्छेद 350 (ख)** - भाषाई अल्पसंख्यक-वर्गों के लिए विशेष अधिकारी की नियुक्ति करना।

**अनुच्छेद 351- हिंदी भाषा के विकास के लिए निदेश-**

संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे जिससे वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके और उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिंदुस्तानी में और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए और जहां आवश्यक या वांछनीय हो वहां उसके शब्द-भंडार के लिए मुख्यतः संस्कृत से और गौणतः अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे।

## राजभाषा अधिनियम, 1963 धारा 3 (3)

निम्नलिखित दस्तावेजों को अनिवार्य रुप से द्विभाषी जारी किया जाए:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य आदेश | General Orders |
| 2. | संकल्प | Resolution |
| 3. | परिपत्र | Circulars |
| 4. | नियम | Rules |
| 5. | प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन | Administrative or other reports |
| 6. | प्रेस विज्ञप्तियां | Press Communiques |
| 7. | संविदाएं | Contracts |
| 8. | करार | Agreements |
| 9. | अनुज्ञप्तियां | Licenses |
| 10. | निविदा प्रारुप | Tender Forms |
| 11. | अनुज्ञा पत्र | Permits |
| 12. | निविदा सूचनाएं | Tender Notices |
| 13. | अधिसूचनाएं | Notifications |
| 14. | संसद के समक्ष रखे जाने वाले प्रतिवेदन तथा दस्तावेज | Reports and documents to be laid before the Parliament |

# राजभाषा नियम 1976

## नियम 1- संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ नियम

क. इन नियमों का संक्षिप्त नाम राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 है।

ख. इनका विस्तार, तमिलनाडु राज्य के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर है।

ग. ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

## नियम 2 – परिभाषाएं

| | |
|---|---|
| ‘क’ क्षेत्र | बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्य तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र। |
| ‘ख’ क्षेत्र | गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य तथा चंडीगढ़, दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र। |
| ‘ग’ क्षेत्र | ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, केरल, गोवा, सिक्किम राज्य तथा जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पुदुचेरी, लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र। |

## नियम 3 - राज्यों आदि और केंद्रीय सरकार के कार्यालयों से भिन्न कार्यालयों के साथ पत्रादि

केंद्रीय सरकार के कार्यालय से क व ख क्षेत्र में किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र को या ऐसे राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में किसी कार्यालय (केंद्रीय सरकार का कार्यालय न हो) या व्यक्ति को पत्र असाधारण दशाओं को छोड़कर हिंदी में होंगे और यदि उनमें से किसी को कोई पत्रादि अंग्रेजी में भेजे जाते हैं तो उनके साथ उनका हिंदी अनुवाद भी भेजा जाएगा।

## नियम 4 - केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के बीच पत्र

केंद्रीय सरकार के एक मंत्रालय या विभाग और किसी दूसरे मंत्रालय या विभाग के बीच पत्र हिंदी में होंगे और ऐसे अनुपात में होंगे जो केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले व्यक्तियों की संख्या, हिंदी में पत्र भेजने की सुविधाओं और उससे संबंधित आनुषंगिक बातों को ध्यान में रखते हुए, समय-समय पर अवधारित करें।

## नियम 5 - हिंदी में प्राप्त पत्रादि के उत्तर

नियम 3 और नियम 4 में किसी बात के होते हुए भी, हिंदी में प्राप्त पत्रादि के उत्तर केंद्रीय सरकार के कार्यालय से हिंदी में ही दिए जाएंगे।

## नियम 6 - हिंदी और अंग्रेजी दोनों का प्रयोग

राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) में निर्दिष्ट सभी दस्तावेजों के लिए अनिवार्य रूप से हिंदी और अंग्रेजी दोनों का प्रयोग किया जाएगा और ऐसे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति सुनिश्चित करें कि ये सभी हिंदी एवं अंग्रेजी में निष्पादित किए जाते है और जारी किए जाते हैं।

## नियम 7 - आवेदन, अभ्यावेदन आदि

कोई कर्मचारी आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिंदी या अंग्रेजी में कर सकता है। जब कोई आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिंदी में किया गया हो या उस पर हस्ताक्षर हिंदी में किए गए हों तो भी उसका उत्तर हिंदी में ही दिया जाएगा।

## नियम 8 - केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में टिप्पणियों का लिखा जाना

कोई कर्मचारी किसी फाइल पर टिप्पण या कार्यवृत्त हिंदी या अंग्रेजी में लिख सकता है और उससे यह अपेक्षा नहीं की जाएगी कि वह उसका अनुवाद दूसरी भाषा में प्रस्तुत करे। केंद्रीय सरकार का कोई भी कर्मचारी, जो हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखता है, हिंदी में किसी दस्तावेज के अंग्रेजी अनुवाद की मांग तभी कर सकता है, जब वह दस्तावेज विधिक या तकनीकी प्रकृति का है, अन्यथा नहीं।

## नियम 9-हिन्दी में प्रवीणता

यदि किसी कर्मचारी ने

1. मैट्रिक परीक्षा या उसकी समतुल्य या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिंदी माध्यम से उत्तीर्ण कर ली है।
2. स्नातक परीक्षा में अथवा स्नातक परीक्षा की समतुल्य या उससे उच्चतर किसी अन्य परीक्षा में हिंदी को एक वैकल्पिक विषय के रुप में लिया हो ; या,
3. यदि वह इन नियमों से उपाबद्ध प्रारूप में यह घोषणा करता है कि उसे हिंदी में प्रवीणता प्राप्त है; तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर ली है।

## नियम 10 - हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान

1. क. यदि किसी कर्मचारी ने

I. मैट्रिक परीक्षा या उसकी समतुल्य या उससे उच्चतर परीक्षा हिंदी विषय के साथ उत्तीर्ण कर ली है; या

II. केंद्रीय सरकार की हिंदी शिक्षण योजना के अन्तर्गत आयोजित प्राज्ञ परीक्षा या यदि उस सरकार द्वारा किसी विशिष्ट प्रवर्ग के पदों के सम्बन्ध में उस योजना के अन्तर्गत कोई निम्नतर परीक्षा विनिर्दिष्ट है; या

III. केंद्रीय सरकार द्वारा उस निमित्त विनिर्दिष्ट कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है; या

ख. यदि वह इन नियमों से उपाबद्ध प्रारूप में यह घोषणा करता है कि उसने ऐसा ज्ञान प्राप्त कर लिया है;
तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने हिंदी का कार्य साधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

केंद्रीय सरकार के जिन कार्यालयों में अस्सी प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है उन कार्यालयों के नाम राजपत्र में अधिसूचित किए जाएंगे।

**नियम 11- मैनुअल, संहिताएं, प्रक्रिया संबंधी अन्य साहित्य, लेखन सामग्री आदि-**

1. केंद्रीय सरकार के कार्यालयों से संबंधित सभी मैनुअल, संहिताएं और प्रक्रिया संबंधी अन्य साहित्य, हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषिक रूप में यथास्थिति, मुद्रित या साइक्लोस्टाइल किया जाएगा और प्रकाशित किया जाएगा।
2. केंद्रीय सरकार के किसी कार्यालय में प्रयोग किए जाने वाले रजिस्टरों के प्रारूप और शीर्षक हिंदी और अंग्रेजी में होंगे।
3. केंद्रीय सरकार के किसी कार्यालय में प्रयोग के लिए सभी नामपट्ट, सूचना पट्ट, पत्रशीर्ष और लिफाफों पर उत्कीर्ण लेख तथा लेखन सामग्री की अन्य मदें हिंदी और अंग्रेजी में लिखी जाएंगी, मुद्रित या उत्कीर्ण होंगी;

   परन्तु यदि केंद्रीय सरकार ऐसा करना आवश्यक समझती है तो वह, साधारण या विशेष आदेश द्वारा, केंद्रीय सरकार के किसी कार्यालय को इस नियम के सभी या किन्हीं उपबन्धों से छूट दे सकती है।

## नियम 12 - अनुपालन का उत्तरदायित्व

कार्यालय में राजभाषा सम्बन्धी अधिनियम/नियमों के अनुपालन का उत्तरदायित्व कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का होगा और इसे सुनिश्चित करने के लिए वह उपयुक्त और प्रभावकारी जांच आदि का उपयोग कर सकते हैं एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर सकते हैं।

## अस्वीकरण

इस पुस्तिका में राजभाषा नियम, अधिनियम एवं आदेशों का संक्षिप्त रुप प्रकाशित किया गया है। इसमें प्रकाशित किसी भी नियम/अधिनियम में असमंजस की स्थिति व उक्त नियमों में किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा जारी नियम व अधिनियमों के मूल रुप का संदर्भ लिया जा सकता है। इस पुस्तिका के प्रकाशन का उद्देश्य कार्यालयों में राजभाषा नीति के उत्कृष्ट अनुपालन हेतु सहायता प्रदान करना मात्र है।

# जांच बिंदु

1. राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
2. हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर अनिवार्य रुप से हिंदी में ही दिए जाएं।
3. सुनिश्चित करें कि आपके कार्यालय में लक्ष्य के अनुसार हिंदी में पत्राचार हो।
4. हिंदी के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा के लिए मुख्यालय व प्रत्येक क्षेत्र में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक तिमाही में एक तथा वर्ष में चार बार अवश्य आयोजित की जाए।
5. हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट संबंधित कार्यालय को समय पर भेजें अर्थात परियोजना कार्यालय अपने क्षेत्रीय कार्यालय को, क्षेत्रीय कार्यालय कंपनी मुख्यालय को और कंपनी मुख्यालय कोयला मंत्रालय व निगमित कार्यालय को प्रेषित करें।
6. समस्त मैनुअल, कोड और अन्य प्रक्रियात्मक साहित्य और प्रपत्र (फार्म) हिंदी और अंग्रेजी में मुद्रित कराए जाएं/प्रयोग किए जाएं।

7. रजिस्टरों के शीर्षक हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में मुद्रित कराए जाएं और रजिस्टरों में हिंदी में ही प्रविष्टियां की जाएं।

8. हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में ही देना।

9. समस्त नामपट्ट, सूचनापट्ट, संकेतक, पत्रशीर्ष, फाइल कवर, रबर स्टैम्प, वाहनों पर कंपनी का नाम, पहचान पत्र, निमंत्रण पत्र, बैनर, आगंतुक कार्ड, लिफाफों पर कंपनी का नाम हिंदी और अंग्रेजी दोनों में छपवाए जाएं।

11. हिंदी में प्रवीणता प्राप्त/कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अधिक से अधिक टिप्पणी हिंदी में लिखी जाएं।

12. 'क' एवं 'ख' क्षेत्रों को भेजे जाने वाले पत्रों के लिफाफे पर पते देवनागरी में ही लिखे जाएं।

13. हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए प्राप्त वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार 'क' तथा 'ख' क्षेत्र में स्थित राज्य सरकार के कार्यालयों से हिंदी में 100 प्रतिशत पत्राचार किया जाए।

**क्या न करें(X)**

1. हिंदी  में प्राप्त पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में कभी न दें।

2. सूचना, नाम पट्ट तथा अन्य पट सिर्फ अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषा में न बनाएं।

3. कंपनी के वाहन पर कंपनी का नाम सिर्फ अंग्रेजी में न लिखवाएं।

4. यह न सोचें कि रबड़ की मोहरें, फॉर्म एवं अन्य लेखन सामग्री अंग्रेजी में ही बनाने से काम चल जाएगा। यदि आप ऐसा करते हैं, तो आप हिंदी के प्रयोग के संबंध में संवैधानिक दायित्व के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर रहे हैं।

**5. यह न भूलें कि हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने में आपके छोटे से योगदान से कंपनी के कामकाज में हिंदी का प्रयोग बढ़ेगा और इससे राष्ट्र की राजभाषा नीति वास्तव में कार्यान्वित होगी।**

# अंग्रेजी-हिंदी टिप्पणी

| | |
|---|---|
| 1. A brief note is placed below | एक संक्षिप्त टिप्पणी नीचे दी गई है |
| 2. Abide by | पालन करना |
| 3. Above cited/quoted | उपर्युक्त उद्धृत |
| 4. Above given | ऊपर दिया हुआ |
| 5. Above mentioned/said | उपर्युक्त |
| 6. Abstract | सारांश |
| 7. Abuse | दुरुपयोग, दुर्व्यवहार |
| 8. Acceptance is awaited | स्वीकृति की प्रतीक्षा है |
| 9. Accepted for payment | भुगतान के लिए स्वीकृत |
| 10. Acclimatization | पारिस्थितिक अनुकूलन |
| 11. Accommodation | आवास |
| 12. According to | के अनुसार |
| 13. Accordingly | तदनुसार |

| | |
|---|---|
| 14. Account payee only | मात्र आदाता लेखा / केवल आदाता खाता |
| 15. Accounting policies | लेखाकरण नीतियां |
| 16. Accounts Assistant | लेखा सहायक |
| 17. Accounts payable | देय खाता |
| 18. Accreditation | प्रत्यायन |
| 19. Accretion | अभिवृद्धि |
| 20. Accrued interest | प्रोद्भूत ब्याज |
| 21. Accumulation | संचय |
| 22. Accuracy | यथार्थता, परिशुद्धता |
| 23. Accuse | दोषारोपण करना |
| 24. Accused | अभियुक्त |
| 25. Achievement | उपलब्धि |
| 26. Acknowledge receipt | पावती दें |
| 27. Acknowledge Receipt of Letter | पत्र की पावती |

| | |
|---|---|
| 28. Acknowledgement receipt has already been sent | पावती पहले ही भेजी जा चुकी है |
| 29. Acquisition | अभिग्रहण, अर्जन |
| 30. Act of misconduct | कदाचार |
| 31. Action as at 'A' above | ऊपर 'क' के अनुसार कार्रवाई की जाए |
| 32. Action has already been taken in the matter | इस मामले में कार्रवाई की जा चुकी है |
| 33. Action has not yet been initiated | कार्रवाई अभी शुरु नहीं की गयी है |
| 34. Action may be taken accordingly | तदनुसार कार्रवाई की जाए |
| 35. Action may be taken as proposed | यथा प्रस्तावित कार्रवाई की जाए |
| 36. Actionable subsidy | कार्रवाई योग्य इमदाद |
| 37. Activities | कार्यकलाप / गतिविधियां |
| 38. Actual expenditure | वास्तविक व्यय |

| | |
|---|---|
| 39. Adaptation | अनुकूलन |
| 40. Additional charge | अतिरिक्त प्रभार |
| 41. Additional duty | अतिरिक्त शुल्क, अतिरिक्त कर्तव्य |
| 42. Additional funds | अतिरिक्त निधि |
| 43. Adequate | पर्याप्त |
| 44. Ad hoc | तदर्थ |
| 45. Ad hoc committee | तदर्थ समिति |
| 46. Ad hoc payment | तदर्थ भुगतान |
| 47. Adjourn | स्थगित करना |
| 48. Adjustable advance | समायोज्य अग्रिम |
| 49. Adjustment | समायोजन |
| 50. Administration | प्रशासन |
| 51. Administrative action | प्रशासनिक कार्रवाई |
| 52. Administrative approval may be obtained | प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाए |

| | |
|---|---|
| 53. Admissible | स्वीकार्य |
| 54. Adoption | अपनाना |
| 55. Advance approval | अग्रिम अनुमोदन |
| 56. Adverse entry | प्रतिकूल प्रविष्टि |
| 57. Advertisement | विज्ञापन |
| 58. Advise accordingly | तदनुसार सूचित करें |
| 59. Advise of payment | भुगतान सूचना |
| 60. After consultation with | से परामर्श के बाद |
| 61. Agreed to | सहमति है |
| 62. Aid and advice | सहायता और सलाह |
| 63. Alert | सावधान, चेतावनी |
| 64. All concerned should note | सभी संबंधित नोट करें |
| 65. Allotment | आबंटन |
| 66. Annual report | वार्षिक रिपोर्ट |
| 67. Approved as proposed | यथाप्रस्ताव अनुमोदित |

| | |
|---|---|
| 68. Approval may be accorded | अनुमोदन प्रदान किया जाए |
| 69. Approved budget | अनुमोदित बजट |
| 70. Arrears | बकाया |
| 71. As a matter of right | अधिकार के रूप में |
| 72. As a result of | के फलस्वरूप |
| 73. As above | उपरोक्तानुसार |
| 74. As amended | यथा संशोधित |
| 75. As an exceptional case | अपवाद के रूप में |
| 76. As before | पूर्ववत् |
| 77. As compared with | की तुलना में |
| 78. As decided | निर्णय के अनुसार |
| 79. As directed | निर्देशानुसार |
| 80. As far as possible | यथासंभव |
| 81. As is where is | जैसा है जहाँ है |
| 82. As laid down | यथावश्यक |
| 83. As may be necessary | यथा निर्धारित |

| | |
|---|---|
| 84. As modified/ revised | यथा संशोधित |
| 85. As notified | यथा अधिसूचित |
| 86. As per instruction | अनुदेशानुसार |
| 87. As recommended | सिफारिश के अनुसार |
| 88. As regards | के संबंध में |
| 89. As specified | यथा विनिर्दिष्ट |
| 90. As the case may be | यथास्थिति |
| 91. Assessment | मूल्यांकन |
| 92. At source | स्रोत पर |
| 93. Attention Is invited to | की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है |
| 94. Auction | नीलामी |
| 95. Audit certificate | लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र |
| 96. Audit enquiry | लेखा परीक्षा पूछताछ |
| 97. Audit para | लेखा परीक्षा पैरा |
| 98. Audit report | लेखा परीक्षा रिपोर्ट |
| 99. Authorization | प्राधिकार देना |

| | |
|---|---|
| 100. Authority | प्राधिकारी/ प्राधिकरण |
| 101. Awareness campaign | जागरूकता अभियान |
| 102. Background of the case | मामले की पृष्ठभूमि |
| 103. Bad debts | अशोध्य ऋण |
| 104. Balance at credit | जमा खाते में शेष |
| 105. Balance at hand | रोकड़ बाकी |
| 106. Balance sheet | तुलन-पत्र |
| 107. Ban | प्रतिबंध |
| 108. Ban on creation of posts | पदों के सृजन पर रोक |
| 109. Bargain | सौदा, समझौता |
| 110. Basic pay | मूल वेतन |
| 111. Beg to state | निवेदन है |
| 112. Best management practice | उत्तम प्रबंधन प्रक्रिया |
| 113. Bonus | अधिलाभ |
| 114. Bring into notice | ध्यान में लाना |

| | |
|---|---|
| 115. Brought forward | अग्रेनीत |
| 116. By all means | निस्संदेह / हर तरह से |
| 117. By no means | कभी नहीं |
| 118. Capital cost | पूँजीगत लागत |
| 119. Capital gain | पूंजी लाभ |
| 120. Carried forward | अग्रेनीत |
| 121. Case for disposal | निपटान के लिए मामला |
| 122. Case under investigation | मामले की जाँच पड़ताल की जा रही है |
| 123. Census | जनगणना |
| 124. Certification | प्रमाणन, प्रमाणीकरण |
| 125. Charge hand over | कार्यभार सौंप देना |
| 126.Checked and found correct | जाँचा व सही पाया गया |
| 127. Code of practice | व्यवहार संहिता |
| 128. Come into force | लागू होना |
| 129. Comments | टिप्पणी |
| 130. Competent authority | सक्षम प्राधिकारी |

| | |
|---|---|
| 131. Concurrence | सहमति |
| 132. Consolidated report | समेकित रिपोर्ट |
| 133. Content | विषय-वस्तु |
| 134. Contribution | योगदान, अंशदान |
| 135. Copy enclosed | प्रतिलिपि संलग्न है |
| 136. Copy forward for information /necessary action | सूचना / आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रतिलिपि संलग्न |
| 137. Credit | जमा, साख |
| 138. Criterion | मानक, मानदंड |
| 139. Current account | चालू खाता |
| 140. Dearness allowance | महंगाई भत्ता |
| 141. Debarred from service | सेवा से वर्जित |
| 142. Debit | नामे, विकलन |
| 143. Deduction at source | स्रोत पर कटौती |

| | |
|---|---|
| 144. Deficit budget | घाटे का बजट |
| 145. Delay regretted | विलंब के लिए खेद है |
| 146. Delegation | शिष्टमंडल, प्रतिनिधि मंडल |
| 147. Delegation of power | अधिकारों का प्रत्यायोजन |
| 148. Deliberation | विचार-विमर्श |
| 149. Departmental receipts | विभागीय प्राप्तियाँ |
| 150. Depreciation | मूल्यह्रास |
| 151. Deputation to foreign service | इतर विभागीय सेवा में प्रतिनियुक्ति / विदेश सेवा में प्रतिनियुक्त |
| 152. Detailed enquiry | व्यापक जाँच |
| 153. Discretionary power | विवेकाधिकार |
| 154. Dispose of | निपटाना |
| 155. Disseminate | प्रचार करना, फैलाना |
| 156. Do the needful | आवश्यक कार्रवाई करें |

| | |
|---|---|
| 157. Draft as amended is put up | यथा संशोधित मसौदा प्रारूप प्रस्तुत है |
| 158. Draft for approval | अनुमोदनार्थ मसौदा/ प्रारूप |
| 159. Draft is concurred in | मसौदे/ प्रारुप से सहमति है |
| 160. Draft reply is put up for approval | उत्तर का मसौदा अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है |
| 161. Duly filled in | विधिवत भरा हुआ |
| 162. Early orders are solicited | शीघ्र आदेश देने का अनुग्रह करें |
| 163. EL encashment | अर्जित छुट्टी भुनाना |
| 164. Endurance | सहनशीलता |
| 165. Entitlement | हकदारी, पात्रता |
| 166. Establishment | संस्थान / स्थापना |
| 167. Estimated expenditure | अनुमानित व्यय |
| 168. Evaluation report | मूल्यांकन रिपोर्ट |
| 169. Excise duty | उत्पाद-शुल्क |

| | |
|---|---|
| 170. Executive committee | कार्यकारिणी समिति |
| 171. Exigencies of administration work | प्रशासनिक कार्य की तत्काल आवश्यकताएँ |
| 172. Ex officio | पदेन |
| 173. Ex-parte | एक पक्षीय |
| 174. Expedite action | कार्रवाई शीघ्र करें |
| 175. Expenditure | व्यय |
| 176. Expert | विशेषज्ञ |
| 177. Expert committee | विशेषज्ञ समिति |
| 178. Explanation may be called | स्पष्टीकरण माँगा जाए |
| 179. Export import policy | निर्यात आयात नीति |
| 180. Export promotion committee | निर्यात संवर्धन समिति |
| 181. Facilitation | सरलीकरण |
| 182. Failing which | ऐसा न करने पर |

| | |
|---|---|
| 183. Feasibility | संभाव्यता / सुसंगतता/ व्यवहार्यता |
| 184. Finalization of accounts | लेखाओं को अंतिम रूप देना |
| 185.Financial achievement | वित्तीय उपलब्धि |
| 186. Financial | वित्तीय सहायता |
| 187. Financial target | वित्तीय लक्ष्य |
| 188. Follow up action | अनुवर्ती कार्रवाई |
| 189. For action | कार्रवाई के लिए |
| 190. For approval | अनुमोदनार्थ |
| 191. For advice | सलाह लिए |
| 192. For comments | टिप्पणी के लिए |
| 193. For consideration | विचारार्थ |
| 194. For disposal | निपटान लिए |
| 195. For favour of orders | आदेशार्थ |
| 196. For further action | आगे की कार्रवाई के लिए |
| 197. For guidance | मार्गदर्शन के लिए |
| 198. For information | सूचनार्थ |

| | |
|---|---|
| 199. For onward transmission | आगे भेजने के लिए |
| 200. For perusal | अवलोकनार्थ |
| 201. For record | रिकार्ड के लिए |
| 202. For remarks | अभियुक्ति के लिए |
| 203. For signature | हस्ताक्षर के लिए |
| 204. For suggestion | सुझाव के लिए |
| 205. For time being | फिलहाल |
| 206. Formulate | तैयार करना |
| 207. Forwarded and recommended | अग्रेषित और संतुस्त |
| 208. Forwarding letter | अग्रेषण पत्र |
| 209. From time to time | समय-समय पर |
| 210. Further order will follow | आगे और आदेश जारी किए जाएंगे / अगले आदेश का पालन किया जाएगा |
| 211. Give details | विस्तृत जानकारी दें |
| 212. Global market | विश्व व्यापार, वैश्विक बाज़ार |

| | |
|---|---|
| 213. Governed by the rules | नियमों द्वारा शासित |
| 214. Grant-in-aid | सहायता अनुदान |
| 215. Gratuity | उपदान |
| 216. Grievance | शिकायत |
| 217. Gross profit | सकल लाभ |
| 218. Growth | वृद्धि, विकास |
| 219. Guidance | मार्गदर्शन |
| 220. Guideline | मार्गनिर्देशिका/ दिशानिर्देश |
| 221. House building advance | गृह निर्माण अग्रिम |
| 222. House rent allowance | मकान किराया भत्ता |
| 223. I am directed to | मुझे निदेश हुआ है |
| 224. I authorize you | मैं आपको प्राधिकार देता हूँ |
| 225. If deemed fit | यदि उचित समझें |
| 226. Illegal | अवैध |
| 227. Implementation | कार्यान्वयन |

| | |
|---|---|
| 228. In accordance with | के अनुसार |
| 229. In addition to | के अतिरिक्त |
| 230. In advance | पहले से |
| 231. In anticipation of | की प्रत्याशा में |
| 232. In as much as | जहाँ तक कि |
| 233. In association with | के सहयोग से |
| 234. In confirmation of | की पुष्टि में |
| 235. In connection with | के संबंध में |
| 236. In consequence of | के परिणामस्वरूप |
| 237. In consideration of | को ध्यान में रखते हुए |
| 238. In consultation with | के परामर्श से |
| 239. In continuation of | के आगे, के क्रम में |
| 240. In course of time | यथा समय |
| 241. In default of | के अभाव में |

| | |
|---|---|
| 242. In due course | यथाविधि |
| 243. In duplicate | दो प्रतियों में,<br>अनुलिपि सहित |
| 244. In exercise of | का प्रयोग करते हुए |
| 245. In fact | वास्तव में / वस्तुतः |
| 246. In favour of | के पक्ष में |
| 247. In lieu of | के बदले |
| 248. In official capacity | पद की हैसियत से |
| 249. In presence of | के समक्ष |
| 250. In public interest | लोक हित में |
| 251. In pursuance of | के अनुसरण में |
| 252. In succession | लगातार, अनुक्रम |
| 253. In support of | के समर्थन में |
| 254. In the circumstance of | की परिस्थिति में |
| 255. In the course of | के दौरान |
| 256. In the light of | को ध्यान में रखते हुए |

| | |
|---|---|
| 257. In the prescribed manner | निर्धारित ढंग से |
| 258. Inspection | निरीक्षण |
| 259. Installation | संस्थापन |
| 260. Insurance coverage | बीमा कवरेज / बीमा सुरक्षा / बीमाकृत राशि |
| 261. Insurance premium | बीमा प्रीमियम / बीमा किस्त |
| 262. Inter alia | अन्य बातों के साथ-साथ |
| 263. Inter se | आपस में, परस्पर |
| 264. Interest | ब्याज / हित |
| 265. Irrespective of the fact | इस तथ्य पर विचार किए बिना |
| 266. Is adjourned sine die | अनिश्चित काल के लिए स्थगित |
| 267. Issue | जारी / निर्गम / संतति / अंक / विषय / समस्या |
| 268. It is requested | यह निवेदन है |
| 269. It is suggested | यह सुझाव है |

| | |
|---|---|
| 270. Justification for the proposal | प्रस्ताव का औचित्य |
| 271. Keep pending | लंबित रखा जाए |
| 272. Laid down in | में निर्धारित |
| 273. Laid on the table | सभा पटल पर रखा हुआ |
| 274. Lay before | समक्ष रखना |
| 275. Lay down | निर्धारित करना |
| 276. Leave not due | छुट्टी बकाया नहीं |
| 277. Leave on medical ground | चिकित्सा आधार पर छुट्टी |
| 278. Leave preparatory of retirement | सेवानिवृत्ति पूर्व छुट्टी |
| 279. Ledger | बही खाता |
| 280. Liabilities | देयताएं |
| 281. License | अनुज्ञप्ति |
| 282. Line of action | कार्रवाई की दिशा |
| 283. Loan repayment | ऋण चुकौती |
| 284. Location | स्थान |

| | |
|---|---|
| 285. LTC Advance | छुट्टी यात्रा रियायत (एलटीसी) अग्रिम |
| 286. Mandate | आदेश/ जनादेश / शासनादेश |
| 287. Manual | नियमावली |
| 288. Manufacturer Exporter | निर्माता निर्यातक |
| 289. Matter is under consideration | मामला विचाराधीन है |
| 290. Matter of fact | तथ्यतः |
| 291. Maturity date | परिपक्वता तिथि |
| 292. May be informed accordingly | तदनुसार सूचित किया जाए |
| 293. May be obtained | प्राप्त किया जाए |
| 294. May be permitted | अनुमति दी जाए |
| 295. May be treated as urgent | इसे अति आवश्यक समझा जाए |
| 296. May deem necessary | आवश्यक समझा जाए |
| 297. Medical claim | चिकित्सा दावा |

| | |
|---|---|
| 298. Merchant exporter | व्यापारी निर्यातक |
| 299. Miscellaneous expenses | विविध व्यय |
| 300. Necessary steps should be taken | आवश्यक कार्रवाई की जाए |
| 301. No action required | किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं |
| 302. No objection certificate | अनापत्ति प्रमाण पत्र |
| 303. Not transferable | अहस्तांतरणीय |
| 304. Notwithstanding | के होते हुए भी |
| 305. Nota bene (N.B.) | ध्यान दें, टिप्पणी |
| 306. Notification | अधिसूचना |
| 307. Obtain formal sanction | औपचारिक मंजूरी प्राप्त करें |
| 308. Occurrence | उपस्थिति / घटना |
| 309. Of no avail | व्यर्थ |
| 310. On grounds of | के आधार पर |

| | |
|---|---|
| 311. On receipt of | की प्राप्ति पर |
| 312. On temporary basis | अस्थाई आधार पर |
| 313. Operation | संचालन |
| 314. Order may be issued | आदेश जारी किया जाए |
| 315. Out lay | लागत |
| 316. Overseas | विदेशी |
| 317. Overtime allowance | समयोपरि भत्ता |
| 318. Passed for payment | भुगतान के लिए पारित |
| 319. Payable | देय |
| 320. Periodically | आवधिक रूप से |
| 321. Pertaining to | से संबंधित |
| 322. Please discus | कृपया चर्चा कीजिए |
| 323. Please expedite compliance | कृपया शीघ्र अनुपालन कीजिए |

| | |
|---|---|
| 324. Please treat this as strictly confidential | इसे सर्वथा गोपनीय समझें |
| 325. Process | प्रक्रिया, प्रणाली, संसाधित करना |
| 326. Procurement | प्रापण, खरीदी |
| 327. Project | परियोजना |
| 328. Promotion | संवर्धन, पदोन्नति |
| 329. Provision for bonus | बोनस का प्रावधान |
| 330. Provisionally | अस्थाई |
| 331. Public notice | सार्वजनिक सूचना |
| 332. Put up | प्रस्तुत करें |
| 333. Quoted below | नीचे उद्धृत |
| 334. Ratification | अनुसमर्थन |
| 335. Reference is invited to | को देखिए, को देखने का कष्ट करें |
| 336. Reinstated in service | नौकरी बहाल की गई |

| | |
|---|---|
| 337. Rejection | अस्वीकृति, नामंजूरी |
| 338. Relevant papers be put up | संबंधित कागज प्रस्तुत करें |
| 339. Reminder may be sent | अनुस्मारक भेजा जाए |
| 340. Reversion to a lower post | पदावनति, निचले पद पर प्रत्यावर्तन |
| 341. Revision | संशोधन, सुधार |
| 342. Sanctioned | मंजूर / स्वीकृत |
| 343. Sanctioned as proposed | प्रस्ताव के अनुसार मंजूर |
| 344. See and return | देखकर वापस किया जाता है |
| 345. Self-contained note | स्वतः पूर्ण टिप्पणी |
| 346. Self-explanatory | स्वतः स्पष्ट |
| 347. Seminar | संगोष्ठी |
| 348. Settlement | निपटान, समझौता |
| 349. Show cause | कारण बताएं |

| | |
|---|---|
| 350. So as to ensure | ताकि यह सुनिश्चित हो सके |
| 351. So long as | जब तक कि |
| 352. Strict compliance | सख्त अनुपालन |
| 353. Submitted for information | सूचनार्थ प्रस्तुत |
| 354. Take over charge | कार्यभार ग्रहण करना |
| 355. Taxable income | कर योग्य आय |
| 356. Tender notice | निविदा सूचना |
| 357. Then and there | तत्काल वहीं |
| 358. This is to certify | प्रमाणित किया जाता है कि |
| 359. Through oversight | नजर चूक से, भूल से |
| 360. Through proper channel | उचित माध्यम से |
| 361. Till further order | अगले आदेश तक |
| 362. To incorporate | सम्मिलित करना |

| | |
|---|---|
| 363. To the best of ability | पूरी योग्यता से |
| 364. To the best of knowledge and belief | जहाँ तक पता है और विश्वास है |
| 365. To the exclusion of | को छोड़कर |
| 366. To the extent of | की सीमा तक |
| 367. To the point | विषयानुकूल |
| 368. Transport allowance | परिवहन भत्ता |
| 369. Tour advance | दौरा अग्रिम |
| 370. Travelling allowance | परिवहन भत्ता |
| 371. Under disputes | विवादग्रस्त |
| 372. Under intimation to this office | इस कार्यालय को सूचना देते हुए |
| 373. Under reference | प्रसंगाधीन |
| 374. Under the auspices of | के तत्वाधान में |

| | |
|---|---|
| 375. Undermentioned | निम्नलिखित |
| 376. Undersigned is directed to | अधोहस्ताक्षरी को निदेश हुआ है |
| 377. Until further order | अगले आदेश तक |
| 378. Urgently required | तुरंत चाहिए |
| 379. Verified and found correct | जाँचा व सही पाया गया |
| 380. Vide letter no. | पत्र सं. के माध्यम से |
| 381. Visiting hours | मिलने का समय |
| 382. Vocational training | व्यावसायिक प्रशिक्षण |
| 383. Voluntary retirement | स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति |
| 384. Volume of work | कार्य की मात्रा |
| 385. Vague | अस्पष्ट |
| 386. Wage | मजदूरी |
| 387. Wear and tear | टूट-फूट |

| | |
|---|---|
| 388. Whichever is earlier | जो भी पहले हो |
| 389. With reference to | के संबंध में |
| 390. With regard to | के बारे में |
| 391. Without fail | अवश्य, बिना चूक |
| 392. Write off | बट्टेखाते में डालना |
| 393. Writ of habeas corpus | बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट |
| 394. Zero hour | शून्यकाल |
| 395. Zonal | आंचलिक, जोनल |
| 396. Zone | अंचल, ज़ोन |

## खनन शब्दावली

| | |
|---|---|
| Carbon di-oxide | ठंडी गैस/ कार्बन डाई-ऑक्साइड |
| Carbon-monoxide | खूनी गैस/ कार्बन मोनो ऑक्साइड |
| Coal Tar | अलकतरा/ तारकोल |
| Debris | मलबा / कूड़ा-कचरा |
| Depillaring | चांदनी करना/ कोयला-पिलर काटना |
| Detonator | विस्फोटक/ विस्फोटक-टोपी |
| Groove cutting | खांचा काटना |
| Incline mine | सीढ़ी मुहान खदान/ इंक्लाइन खान |
| Jhama | जला कोयला |
| Methane | मीथेन गैस/ गर्म गैस |
| Mild steel | नरम इस्पात |
| Pit | पिट/ मुहाना |
| Prop | खूंटा/ प्रॉप |

| | |
|---|---|
| Sand stowing | रेत भराई/ बालू भराई |
| Shaft sinking | चानक की खुदाई/ कटाई |
| Shale | शेल/ कंकड़-पत्थर |
| Shot firing | बारूद की दगानी |
| Slurry pond | स्लरी तालाब/ घोल का तालाब |
| Stair case | सीढ़ी/ जीना |
| Stopping | अवरोधक/ गांथनी/ स्टॉपिंग |
| Sump | चोभा/ संप |
| Directorate General of Mines Safety | खान सुरक्षा महानिदेशालय |
| Oil safety lamp | तेल सुरक्षा बत्ती |
| Methanometer | मीथेन गैस मापक यंत्र |
| Cap lamp | टोपी बत्ती |
| Fire damp | गरम गैस |
| Black damp | ठंडी गैस |
| White damp | खूनी गैस |
| Nitrous fumes | खांसी गैस |
| Stink damp | पोचा गैस/ सड़ी गैस |

| बैंकिंग, वित्त एवं बीमा शब्दावली | |
|---|---|
| Account | खाता |
| Accountability | जवाबदेही |
| Accrued Interest | उपार्जित ब्याज |
| Achievements | उपलब्धियां |
| Actuary | बीमांकक |
| Advance | अग्रिम |
| Agent | अभिकर्ता |
| Amount | राशि |
| Appraisal | मूल्यांकन |
| Assets | परिसंपत्तियाँ |
| Audit | लेखा-परीक्षा |
| Bad debts | अशोध्य कर्ज |
| Balance | शेष |
| Banking Regulator | बैंकिंग नियामक |
| Bankrupt | दिवालिया |
| Bearer | वाहक |
| Capital | पूँजी |

| | |
|---|---|
| Cash flow | नकदी प्रवाह |
| Claim | दावा |
| Consumer | उपभोक्ता |
| Credit | जमा/साख |
| Customer service | ग्राहक सेवा |
| Date of maturity | परिपक्वता की तिथि |
| Death benefit | मृत्यु लाभ |
| Debit | नामे |
| Debtor | देनदार |
| Depreciation | मूल्यह्रास |
| Dividend | लाभांश |
| Dormant | निष्क्रिय |
| Drawee | अदाकर्ता |
| Drawer | चेक काटने वाला |
| Due date | देय तिथि |
| Endorsement | पृष्ठांकन |
| Financial inclusion | वित्तीय समावेशन |
| Floating rate | अस्थिर दर |

| | |
|---|---|
| Free-look period | मुक्त दृश्य अवधि |
| Grace period | रियायत अवधि |
| Guarantor | गारंटीकर्ता / प्रत्याभूतिदाता |
| Hypothecation | दृष्टिबंधक/मालबंधक |
| Indemnity | क्षतिपूर्ति |
| Inoperative | अपरिचालित |
| Insolvency | दिवालियापन |
| Instrument | लिखत |
| Insured person | बीमाकृत व्यक्ति |
| Interest | ब्याज |
| Jurisdiction | क्षेत्राधिकार |
| Letter of Credit | साख-पत्र |
| Lien | धारणाधिकार |
| Liquidity | तरलता |
| Maturity benefit | परिपक्वता लाभ |
| Mortgage | बंधक |
| Nomination | नामांकन |
| Nominee | नामिती |
| Outstanding | बकाया |

| | |
|---|---|
| Paid-up value | भुगतान किया गया मूल्य |
| Payee | आदाता (पाने वाला) |
| Policy holder | पालिसीधारक |
| Policy rider | पॉलिसी का अतिरिक्त लाभ |
| Policy term | पालिसी-अवधि |
| Policy terms | पालिसी की शर्तें |
| Premium | बीमा किस्त |
| Reconciliation | समाधान |
| Renewal | नवीकरण |
| Repayment | चुकौती |
| Security | प्रतिभूति |
| Sum assured | गारंटीकृत बीमा राशि |
| Survival benefit | उत्तरजीविता लाभ |
| Survivor | उत्तरजीवी |
| Term insurance | सावधि बीमा |
| Underwriting | हामीदारी/जोखिम अंकन |
| Withdrawal | आहरण (पैसा निकालना) |
| Write off | बट्टे खाते में डालना |

# विदेशी अभिव्यक्तियों का हिंदी रूपांतरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Ad hoc | तदर्थ |
| 2. | Ad infinitum | निरवधि |
| 3. | Ad interim | अंत: कालीन |
| 4. | Ad into | आरम्भ से/शुरू से |
| 5. | Ad valorem | यथा मूल्य |
| 6. | Amicus curiae | न्यायमित्र |
| 7. | Bonafide | वास्तविक /असली |
| 8. | Cum | -सह- |
| 9. | Data | आंकड़ें |
| 10. | De facto | वस्तुतः /वास्तविक |
| 11. | De jure | विधित: |
| 12. | Denove | नये सिरे से |
| 13. | Ditto | यथोपरि / जैसे ऊपर |
| 14. | Errata | शुद्धिपत्र |
| 15. | Ex-gratia | अनुग्रहपूर्वक (अदायगी) |
| 16. | Ex-officio | पदेन |
| 17. | Ex-post facto | कार्योत्तर |
| 18. | Ibid (Ibidem) | तदैव /वही |

| | |
|---|---|
| 19. In lieu of | के बदले में |
| 20. Locus standing | वैध स्थिति, अधिकारिता |
| 21. Malafide(s) | दुर्भावना |
| 22. Manifesto | घोषणा पत्र |
| 23. Memorandum | ज्ञापन |
| 24. Modus Operandi | कार्यप्रणाली |
| 25. Momentum | संवेग/गति मात्रा/तेजी |
| 26. Note Bene (N.B.) | विशेष ध्यान दीजिये |
| 27. Onus | भार/दायित्व |
| 28. Par excellence | श्रेष्ठ /उत्कृष्ठ |
| 29. Per annum | प्रतिवर्ष /वार्षिक /सलाना |
| 30. Per contra | विपरीत / विपक्ष |
| 31. Per mensem | प्रतिमाह / माहवार |
| 32. Per se | स्वतः |
| 33. Portfolio | संविभाग |
| 34. Postscript | पुनश्च |
| 35. Prima facie | प्रथमदृष्टया |
| 36. Proviso | परंतुक |
| 37. Proximo | आगामी मास का |
| 38. Proxy | प्रतिपत्र /प्रतिपत्री /परोक्षी |

| | |
|---|---|
| 39. Quantum | क्वांटम / प्रमात्रा |
| 40. Quid pro quo | पहुंचाये गये लाभ के बदले लाभ |
| 41. Quorum | कोरम (गणपूर्ति) |
| 42. Resume | सारवृत्त |
| 43. Sine qua non | अनिवार्य शर्त |
| 44. Sine die | अनिश्चित काल के लिए |
| 45. Status quo | यथा पूर्व स्थिति |
| 46. Suo moto | स्वतः /स्वयंमेव |
| 47. Tenure | अवधि /कार्यकाल |
| 48. Ultimo | गतमास का |
| 49. Ultra vires | शक्ति वाह्य |
| 50. Veto | निषेधाधिकार |
| 51. Vice | के स्थान पर |
| 52. Visa | वीजा/प्रवेश पत्र |
| 53. Vis-a-vis | के सामने/की तुलना में |
| 54. Viva voice | मौखिक परीक्षा |
| 55. Writ | रिट/याचिका |

# मानक अंक

| अंक | उच्चारण | अंक | उच्चारण |
|---|---|---|---|
| 1 | एक | 26 | छब्बीस |
| 2 | दो | 27 | सत्ताईस |
| 3 | तीन | 28 | अट्ठाईस |
| 4 | चार | 29 | उनतीस |
| 5 | पांच | 30 | तीस |
| 6 | छः | 31 | इकतीस |
| 7 | सात | 32 | बत्तीस |
| 8 | आठ | 33 | तैंतीस |
| 9 | नौ | 34 | चौंतीस |
| 10 | दस | 35 | पैंतीस |
| 11 | ग्यारह | 36 | छत्तीस |
| 12 | बारह | 37 | सैंतीस |
| 13 | तेरह | 38 | अड़तीस |
| 14 | चौदह | 39 | उनतालीस |
| 15 | पंद्रह | 40 | चालीस |
| 16 | सोलह | 41 | इकतालीस |
| 17 | सत्रह | 42 | बयालीस |
| 18 | अठारह | 43 | तैंतालीस |
| 19 | उन्नीस | 44 | चवालीस |
| 20 | बीस | 45 | पैंतालीस |
| 21 | इक्कीस | 46 | छियालीस |
| 22 | बाईस | 47 | सैंतालीस |
| 23 | तेईस | 48 | अड़तालीस |
| 24 | चौबीस | 49 | उनचास |
| 25 | पच्चीस | 50 | पचास |


| अंक | उच्चारण | अंक | उच्चारण |
|---|---|---|---|
| 51 | इक्यावन | 76 | छिहत्तर |
| 52 | बावन | 77 | सतहत्तर |
| 53 | तिरपन | 78 | अठहत्तर |
| 54 | चौवन | 79 | उन्यासी |
| 55 | पचपन | 80 | अस्सी |
| 56 | छप्पन | 81 | इक्यासी |
| 57 | सत्तावन | 82 | बयासी |
| 58 | अठावन | 83 | तिरासी |
| 59 | उनसठ | 84 | चौरासी |
| 60 | साठ | 85 | पचासी |
| 61 | इकसठ | 86 | छियासी |
| 62 | बासठ | 87 | सत्तासी |
| 63 | तिरसठ | 88 | अट्ठासी |
| 64 | चौंसठ | 89 | नवासी |
| 65 | पैसठ | 90 | नब्बे |
| 66 | छियासठ | 91 | इक्यानबे |
| 67 | सड़सठ | 92 | बानबे |
| 68 | अड़सठ | 93 | तिरानबे |
| 69 | उनहत्तर | 94 | चौरानबे |
| 70 | सत्तर | 95 | पिचानबे |
| 71 | इकहत्तर | 96 | छियानबे |
| 72 | बहत्तर | 97 | सत्तानबे |
| 73 | तिहत्तर | 98 | अट्ठानबे |
| 74 | चौहत्तर | 99 | निन्यानबे |
| 75 | पचहत्तर | 100 | सौ |

## संविधान की अष्टम सूची में दर्ज भाषाएं

1. असमिया
2. उड़िया
3. उर्दू
4. कन्नड़
5. कश्मीरी
6. कोंकणी
7. गुजराती
8. डोगरी
9. तमिल
10. तेलुगू
11. नेपाली
12. पंजाबी
13. बांग्ला
14. बोड़ो
15. मणिपुरी
16. मराठी
17. मलयालम
18. मैथिली
19. संथाली
20. संस्कृत
21. सिंधी
22. हिंदी


# विश्व हिंदी सम्मेलन

| दिनांक /वर्ष | स्थान | थीम/विषय |
|---|---|---|
| 10-12 जनवरी 1975 | नागपुर, भारत | वसुधैव कुटुंबकम् |
| 28-30 अगस्त 1976 | पोर्ट लुई, मॉरीशस | वसुधैव कुटुंबकम् |
| 28-30 अक्टूबर 1983 | नई दिल्ली, भारत | वसुधैव कुटुंबकम् |
| 2-4 दिसंबर 1993 | पोर्ट लुई, मॉरीशस | वसुधैव कुटुंबकम् |
| 4-8 अप्रैल 1996 | पोर्ट ऑफ स्पेन, त्रिनिदाद और टोबैगो | अप्रवासी भारतीय और हिंदी |
| 14-18 सितंबर 1999 | लंदन, यूनाइटेड किंगडम | हिंदी और भावी पीढ़ी |
| 6-8 जून 2003 | सूरीनाम, पारामारिबो | विश्व हिंदी : नई शताब्दी की चुनौतियां |
| 13-15 जुलाई 2007 | न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका | विश्व मंच पर हिंदी |
| 22-24 सितंबर 2012 | जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका | भाषा की अस्मिता और हिंदी का वैश्विक संदर्भ |
| 10-12 सितंबर 2015 | भोपाल, भारत | हिंदी जगत : विस्तार और संभावनाएं |
| 18-20 अगस्त 2018 | पोर्ट लुई, मॉरीशस | वैश्विक हिंदी और भारतीय संस्कृति |
| 15-17 फरवरी 2023 | फिजी, नादी | हिंदी - पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक |



महात्मा गांधी

"राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।"



डॉ. राजेंद्र प्रसाद

"हिंदी राष्ट्रीय एकता की सबसे बड़ी कड़ी है।"

75 गौरवशाली वर्ष संविधान के